**Need to ensure adequate supply of DAP and Urea to farmers in the country-laid**

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** मैं केंद्र सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती अन्तर्गत श्रावस्ती और बलरामपुर आकांक्षी जिलों सहित पूरे देश के किसानों की गंभीर समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूँ । आज किसान बहुत परेशान हैं, खरीफ फसल की बुवाई का सीजन चल रहा है और किसानों को बुवाई के लिए DAP, यूरिया खाद नहीं मिल रहा है । उन्हें घंटों सरकारी वितरण केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ घर वापस लौटना पड़ रहा है । कालाबाजारी और जमाखोरी के कारण वे महंगे दामों में निजी विक्रेताओं से उधार या कर्ज लेकर खाद खरीदने को मजबूर हैं । मेरा लोकसभा क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा आकांक्षी जिला है जहाँ बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, जनजाति, सीमांत और गरीब भूमिहीन किसान रहते हैं जो बटाई पर खेती करते हैं । खाद के अभाव में वे बुवाई नहीं कर पा रहे हैं और उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है । मेरी सरकार से मांग है कि देश में DAP, यूरिया खाद की आपूर्ति हेतु विशेष अभियान चलाया जाए, मूल्यवृद्धि, कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगे और आकांक्षी एवं पिछड़े जिलों को प्राथमिकता देते हुए किसानों को पर्याप्त खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए ।